संख्याः-2259/उन्तीस/04/02-(43पे0)/2002

प्रेषक,

कुँवर सिंह
अपर सचिव
उत्तरांचल शासन

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तरांचल पेयजल निगम,
देहरादून।

पेयजल अनुभाग देहरादूनः दिनांकः 22 सितम्बर, 2004

विषय जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड हवालबाग के अन्तर्गत पपरसैली माट– मटेना ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके कार्यालय के पत्रांक 301/अप्रेजल–पौडी/दिनाक–21–07–2004 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड हवालबाग के अन्तर्गत "पपरसैली माट–मटेना ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना" के आगणन अनु0लागत रू0 395.87 लाख के परीक्षणोपरान्त टी0ए0सी0 द्वारा औचित्यपूर्ण पायी गयी रू 294.67 लाख (रू0 दो करोड़ चौरान्बे लाख सड़सठ हजार मात्र) की लागत के आगणन पर श्री राज्यपाल प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन दिये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

(1) आगणन मे उल्लिखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरें शिडयूल आफ रेट में स्वीकृत नहीं है अथवा बाजार भाव से ली गयी हों , की स्वीकृति नियमानुसार आगणन/मानचित्र पर अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा ।

(2) कार्य कराने से पूर्व विस्तृत आगणन/मानचित्र गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त करनी होगी,बिना प्राविधिक स्वीकृति के कार्य प्रारम्भ न किया जाय।

(3) कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना कि स्वीकृत नॉर्म है, स्वीकृत नॉर्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाय ।

(4) एक मुश्त प्राविधान का कार्य करने से पूर्व विस्तृत आगणन गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(5) कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि के मध्य नजर रखते एंव लोक निमार्ण विभाग /विभाग द्वारा प्रचलित दरों /विशिष्टियों के अनुरूप ही कार्य को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें।

(6) कार्य की समयबद्धता एंव गुणवत्ता हेतु सम्बन्धित निर्माण एजेन्सी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगी।

क्रमशः2

(7) कार्य कराने से पूर्व स्थल का भली भांति निरीक्षण उच्च अधिकारियों के साथ अवश्य करा लें । निरीक्षण के पश्चात स्थल आवश्यकतानुसार निर्देशो तथा निरीक्षण टिप्पणी के अनुरूप कार्य किया जाए ।

(8) निमार्ण सामग्री को प्रयोग में लाने से पूर्व किसी प्रयोगशाला से टैस्टिंग करा ली जाय तथा उपयुक्त पायी जाने वाली सामग्री को प्रयोग में लाया जाए।

(9) उक्त योजना पर धनराशि का व्यय त्वरित ग्रामीण पेयजल योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार ही किया जायेगा और व्यय की स्वीकृति पृथक से दी जायेगी।

2. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय सं0 1221/वित्त अनु0–3/2004 दिनांक 20 सितम्बर, 2004 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं ।

भवदीय

(कुंवर सिंह)
अपर सचिव

संख्याः–1259/उन्तीस/04/02–(43पे0)/2002, तद दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–महालेखाकार, उत्तरांचल देहरादून ।
2–मण्डलायुक्त कुमॉयू मण्डल नैनीताल।
3–जिलाधिकारी, अल्मोड़ा।
4–मुख्य महाप्रबन्धक उत्तरांचल जल संस्थान,देहरादून ।
5–अधिशासी अभियन्ता, एस.आई.एण्ड पी0पी0 शाखा, ,उत्तरांचल पेयजल निगम,अल्मोडा को इस आशय से प्रेषित कि कृपया सम्बन्धित अवर अभियन्ता /सहायक अभियन्ता को शासन में भेजकर आगणन में की गयी कटौतियों को नोट करने हेतु निर्देशित करें
6–निजी सचिव मा0 मुख्य मंत्री/मा0 पेयजल मंत्री ।
7–वित्त अनुभाग–3/नियोजन प्रकोष्ठ ।
8–निर्देशक,एन0आई0सी0 सचिवालय परिसर, देहरादून।

आज्ञा से

(कुंवर सिंह)
अपर सचिव